भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2128**
07/08/2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**डीप ओशन मिशन**

**2128 # श्री तेजवीर सिंह:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डीप ओशन मिशन के अंतर्गत कौन-कौन से क्षेत्रीय समुद्रों में खनिज अन्वेषण या जैव विविधता अध्ययन किया गया है;
(ख) क्या इस मिशन के अंतर्गत समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण हेतु कोई सतत मूल्यांकन ढांचा विकसित किया गया है;
(ग) क्या महासागरीय अनुसंधान में निजी क्षेत्र/शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के लिए कोई योजना लागू की गई है; और
(घ) क्या सरकार ने इस मिशन से प्राप्त आंकड़ों को जनता/अनुसंधान संस्थानों के साथ साझा करने के लिए कोई ओपन एक्सेस पोर्टल बनाया है?

**उत्तर**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) अंतर्राष्ट्रीय समुद्रतल प्राधिकरण के साथ एक अनुबंध के तहत, भारत को वैज्ञानिक सर्वेक्षण और खनिज अन्वेषण गतिविधियों के संचालन हेतु मध्य हिंद महासागर बेसिन में 75,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और दक्षिणी हिंद महासागर के मध्य भारतीय रिज और दक्षिण-पश्चिम भारतीय रिज में 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आवंटित किया गया है। इसके अलावा, डीप ओशन मिशन के तहत अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में 19 सीमाउंट स्थानों पर जैव विविधता सर्वेक्षण किए गए हैं।

(ख) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, समुद्री जीव संसाधन एवं पारिस्थितिकी केंद्र (कोच्चि) ने अरब सागर और बंगाल खाड़ी में 19 सीमाउंट पर जैव विविधता का सर्वेक्षण करते हुए छह क्रूज संचालित किए और कई (~1300) गहरे समुद्र के जीवों को एकत्रित किया गया, अध्ययन और वाउचर किया गया, जिसमें चुनिन्दा जीवों के लिए गहन जीनोमिक विश्लेषण और विज्ञान के लिए उनपर का लगभग 23 नई प्रजातियों की खोज करना शामिल है। जैव विविधता डेटा को शोध प्रकाशनों के माध्यम से प्रसारित किया जाता है और संयुक्त राष्ट्र महासागर जैव विविधता सूचना प्रणाली के साथ साझा किया जाता है।

(ग) जी हाँ। डीप ओशन मिशन के एक भाग के रूप में, विभिन्न सरकारी और निजी प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की जाती हैं और उन्हें वित्त पोषित किया जाता है।

(घ) जी हाँ। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री पर्वतों के सर्वेक्षणों के माध्यम से एकत्रित जीवों के समुद्री जैव विविधता डेटा को शोध प्रकाशनों के माध्यम से प्रसारित किया जाता है और संयुक्त राष्ट्र महासागर जैव विविधता सूचना प्रणाली के साथ साझा किया जाता है। इसके अलावा, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई द्वारा विकसित समुद्री सूक्ष्मजीव सूचना पोर्टल, डीप ओशन मिशन के तहत एकत्रित गहरे समुद्र के सूक्ष्मजीवों के जीनोमिक अनुक्रम डेटा को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराता है।

*****